किसानों से प्राकृतिक खेती की ओर लौटने का आव्हान

■ -राज्यपाल ने पेमासर में किसानों से किया संवाद, कहा कि किसान खेती के साथ पशुपालन, डेयरी और उद्यानिकी आधारित उद्योगों को अपनाए

बीकानेर,(कासं)।राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि किसान खेती के साथ पशुपालन, डेयरी और उद्यानिकी आधारित उद्योगों को अपनाएं। बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ें, ग्रामीण क्षेत्रों में युवा और महिलाओं के कौशल का विकास करें।

राज्यपाल ने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव पेमासर में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में किसानों से संवाद करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए। बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत पेमासर गांव गोद लिया है। ग्रामवासी इस अवसर का पूरा लाभ लें।

राज्यपाल ने खेती में रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग पर चिंता जताई और कहा कि इससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हुई है। यह मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहद हानिकारक है। इससे कैंसर जैसे मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके मद्देनजर उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती की ओर लौटने का आव्हान किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा गांव के विकास में हरसंभव मदद की जाए। किसानों को तकनीकी ज्ञान दें। इसमें प्रशासनिक विभागों का सहयोग भी लिया जाए।

खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि आज राजस्थान विकास की नई राह पर बढ़ रहा है। इसमें किसानों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सहयोग से पेमासर में सरसों और मोठ की नई किस्मों पर प्रशिक्षण किया जा रहा है। सहकारी समिति के माध्यम से यहां भंडारण केन्द्र प्रारम्भ किया गया है। कुलपति डॉ अरूण कुमार ने आगंतुकों का स्वागत किया और कहा कि यह गांव के लिए गौरव का विषय है कि राज्यपाल यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा गांव के युवाओं, महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला प्रशासन के सहयोग से बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि पेमासर आदर्श कृषि गांव के रूप में विकसित हों।

सरपंच तोलाराम कूंकणा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व कुलपति प्रो. एन. एस. राठौड़, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर, विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार निकया गोएन, वित्त नियंत्रक पवन कस्वां सहित अन्य ग्रामीण, बड़ी संख्या में किसान तथा महिलाएं मौजूद थे।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सड़कों पर बढ़ते वाहनों के अत्यधिक दवाब के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह बेहद चिंताजनक है। इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वाहन चालकों को स्वप्रेरित होकर यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को बीकानेर के राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के सभागार में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, पुलिस प्रशासन, परिवहन विभाग और ट्रोमा सेंटर द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यशाला के दौरान यह उद्गार व्यक्त किए।

राज्यपाल बागडे ने कहा कि सड़क सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर यह पहल महत्वपूर्ण है। ऐसे कार्यक्रमों के जरिए आमजन को यातायात नियमों की पालना के मार्गदर्शन के साथ सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए निरंतर जागरूक किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आगामी एक माह को 'नो एक्सीडेंट मंथ' के रूप में मनाया जाए। इसके लिए प्रचार-प्रसार का विशेष अभियान चलाया जाए। इसके लिए सामूहिक प्रयास किए जाएं, जिससे बीकानेर इस क्षेत्र में नजीर बने। राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षित परिवहन आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ज्यादातर मामलों में दुर्घटनाएं या तो लापरवाही के कारण होती हैं या सड़क उपयोगकर्ता की सड़क सुरक्षा जागरूकता की कमी के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण नशा करके वाहन चलाना और इस दौरान मोबाइल का उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि वाहन मालिक भी चालकों को नियमित रूप से सुरक्षित परिवहन के लिए प्रेरित करें।

इससे पहले राज्यपाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट वाइस चेयरमैन विजय खत्री ने स्वागत उद्बोधन दिया और सोसायटी के कार्यों के बारे में बताया।

बीकानेर में अधिकतम पारा 30 डिग्री पहुंचा

बीकानेर, (कासं)। आमतौर पर फरवरी में सर्दी बनी रहती है लेकिन इस बार तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। न सिर्फ दिन में बल्कि रात में भी पारे का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर बढ़ रहा है। बीते चौबीस घंटे में बीकानेर में अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं न्यूनतम पारा 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बीकानेर में अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही तापामन सामान्य से ज्यादा है। दिन में जहां 2.1 डिग्री सेल्सियस पारा ज्यादा है, वहीं रात के समय 3.2 डिग्री सेल्सियस की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो गई है। आम दिनों से अधिक तापमान रहने के कारण समय से पहले लोगों के घर में पंखे दिन-रात चलने लगे हैं। मौसम विभाग की मानें तो अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने वाला है। ऐसे में तापमान में भी कुछ बढ़ सकता है। फरवरी के अंतिम दिन तक तापमान 32 या 33 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच सकता है।

बीकानेर में कुछ दिन पहले बारिश होने के बाद भी मौसम में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है। माना जा रहा था कि तापमान में कमी आएगी लेकिन इसके उलट पारा बढ़ गया है। आने वाले दिनों में फिर से कोई पश्चिमी विक्षोभ बनने पर बारिश हो सकती है।

अश्व रोग निदान एवं प्रबंध पर प्रशिक्षण प्रारंभ

■ पशुओं में कोई भी दवाई आदि काम में लें तो वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अन्य पशुओं या पक्षियों के लिए घातक न हो, यह सुनिश्चित करना चाहिए

बीकानेर, (कासं)। राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र बीकानेर पर आज अश्व रोग निदान, निगरानी एवं प्रबंध पर छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ. एस. सी. मेहता ने कहा कि यह कार्यक्रम उत्तराखंड के पशुचिकित्सकों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया गया है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पशु चिकित्सा का कार्य बहुत ही कठिन कार्य है जहां मानव को छोड़कर हर कोई पशु उस चिकित्सक के सामने आ जाता है एवं उससे उसके उपचार, रोग निदान एवं प्रबंध की सटीक जानकारी अपेक्षित की जाती है। कभी शेर, तो कभी मोर, कभी कबूतर, तो कभी तोता, कभी हिरण, कभी बतख आदि एवं पालतू पशु जैसे गाय, भैंस, भेड़, बकरी, घोड़ा, गधा एवं ऊंट है। एक पशु चिकित्सक सभी प्राणियों में दक्ष नहीं हो सकता है।

इसलिए यह महसूस किया गया कि अश्व चिकित्सा एवं प्रबंध में पशु चिकित्सकों को प्रशिक्षित करें ताकि वह अच्छी तरह से अपने कार्यक्षेत्र में उनका उपचार एवं प्रबंधन का कार्य कर सकें। उन्होंने केन्द्र की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ जगदीश राणे, निदेशक, केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान ने कहा कि जैव विविधता का अभिन्न अंग है ये पशु। कैसे यह बिना कार्बन उत्सर्जित किए आपको ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में सेवा देता है, हमें इसको समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम अपने पशुओं में कोई भी दवाई आदि काम में लें तो वह प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अन्य पशुओं या पक्षियों के लिए घातक न हो, यह सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ राजेन्द्र गोयल ने कहा की अश्वों की उपयोगिता आज भी उत्तराखंड में बहुत अधिक है। इसलिए हमने इस राज्य का इस परियोजना के तहत चयन किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह के इस वर्ष कुल चार प्रशिक्षण कार्यक्रम एससीएसपी योजना के अंतर्गत आयोजित किए जाने थे उनमें से आज दूसरा एवं तीसरा कार्यक्रम एक साथ बीकानेर एवं हिसार में प्रारंभ किया जा रहा है। बीकानेर में इस कार्यक्रम का संचालन डॉ टी. राव.ताल्लरी ने किया।

दो युवकों को 400 ग्राम अफीम के साथ पकड़ा

बीकानेर, (कासं)। यहां अवैध तरीके से मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के प्रयास चल रहे हैं। कालू पुलिस थाने ने एक शख्स से चार सौ दस ग्राम अफीम बरामद की। इस अफीम के साथ पुलिस ने एक स्विफ्ट कार भी जब्त की है।

रेंज आईजी ओमप्रकाश पासवान की स्पेशल टीम की सूचना पर कालू पुलिस थाना ने कार्रवाई की है। पुलिस ने यहां 410 ग्राम अफीम और स्विफ कार बरामद की। भारत माला रोड़ के कालू क्षेत्र में कालू पुलिस ने नाकाबंदी की। इस दौरान कमलेश बिश्नोई पुत्र मदनलाल बिश्नोई उम्र 22 वर्ष गांव घमडिया पुलिस थाना सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर और नितेश कुमार पुत्र सत्यनारायण बिश्नोई उम्र 20 निवासी ढ़ाबा पुलिस थाना सुरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर को रोककर पूछताछ की। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से अफीम बरामद की गई।

तस्करी में काम ली जा रही कार को भी पुलिस ने सीज कर दिया। इन दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने पता लगाया है कि इससे पूर्व भी इन युवकों ने पांच बार अवैध मादक पदार्थ की खेप ले गए थे। अब ये पता लगाया जा रहा है कि पहले कहां और कब ये खेप ले गए थे। आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड लेकर पूछताछ की जा रही है।

हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में एक कार्रवाई की है। चूनावढ़ थाना पुलिस ने एक तस्कर को 6.20 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान सोनू मिश्रा (34) के रूप में हुई है। वह श्रीगंगानगर के लालचंद की ढाणी में मकान नंबर 237 का निवासी है। पुलिस ने मादक पदार्थ के परिवहन में इस्तेमाल किए गए वाहन को भी जब्त कर लिया है। प्रशिक्षु आईपीएस अजेय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में उनि. मलकीयत सिंह और थाना स्टाफ ने रोही 10 एलएल में यह कार्रवाई की। मामले में धारा 8/21, 25 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। अनुसंधान मटीलीराठान थाना प्रभारी सुभाष को सौंपा गया है। डीआईजी सह एसपी गौरव यादव ने बताया कि श्रीगंगानगर को नशा मुक्त बनाने के लिए ऑपरेशन सीमा संकल्प चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला प्रशासन और पुलिस संयुक्त रूप से कार्रवाई कर रहे हैं।

खाजूवाला में नई ग्राम पंचायत बनाने के मुद्दे पर आंदोलन

■ खाजूवाला के 6 एमडब्लूएम को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

बीकानेर, (कासं)। खाजूवाला में 6 एमडब्लूएम (मुस्लिम जोहड़ी) राजस्व गांव को ग्राम पंचायत बनाने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया है।

ग्रामीण 6 एमडब्लूएम (मुस्लिम जोहड़ी) और इसके साथ जुड़े दो अन्य राजस्व गांवों 8 केएलडी और 39 केजेडी की कुल जनसंख्या दो हजार से अधिक है। इन तीनों गांवों में कुल 28 चक आते हैं, जो वर्तमान में ग्राम पंचायत आनंदगढ़ में आते हैं। ऐसे में नई ग्राम पंचायत बनाने की मांग की जा रही है। इस संबंध में एक ज्ञापन एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि तीनों राजस्व गांवों और उनके चकों की औसतन दूरी ग्राम पंचायत मुख्यालय आनंदगढ़ से लगभग 10-12 किलोमीटर है, जिससे ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई और आर्थिक नुकसान होता है। कई बार परिवहन की सुविधा न होने के कारण किसानों को अपनी ज़रूरत पूरी करने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा और अन्य जरूरी सेवाओं में भी कमी आ रही है। ग्रामीणों ने प्रस्ताव दिया कि 6 एमडब्लूएम (मुस्लिम जोहड़ी) को ग्राम पंचायत बनाना आम जनता के लिए सुविधाजनक रहेगा। इस गांव के केन्द्र में स्थित होने के कारण आसपास के चकों तक आने-जाने की औसत दूरी लगभग 3-4 किलोमीटर रह जायेगी, जो वर्तमान में 10-12 किलोमीटर से बहुत कम है। साथ ही 6 एमडब्लूएम तक पक्की सड़क और परिवहन की सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जो इसे ग्राम पंचायत का मुख्यालय बनाने के लिए उपयुक्त स्थान बनाती हैं। उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों ने 6 एमडब्लूएम को ग्राम पंचायत बनाने की मांग की है।

11 किलो डोडा-पोस्त सहित दबोचा

श्रीगंगानगर, (कासं)। नशा मुक्त बनाने के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रायसिंहनगर पुलिस ने गांव 11 टीके से एक व्यक्ति को डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी सत्यनारायण गोदारा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई की। आरोपी विनोद कुमार (37) के कब्जे से 11 किलो 800 ग्राम डोडा-पोस्त डंठल बरामद किया गया। आरोपी गांव 11 टीके का रहने वाला है। डीआईजी सह एसपी गौरव यादव ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त पहल पर युवाओं को नशे से बचाने का अभियान चल रहा है।

रील बना रहे युवक का किडनैप कर 35 किमी. दूर छोड़कर फरार

■ नोखा में से युवक को बदमाश ब्लैक कलर की कैम्पर में डालकर ले गए

■ सीसीटीवी कैमरों और इनपुट के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं

नोखा, (कासं)। जिले के नोखा में रील बना रहे एक युवक के किडनैप का मामला सामने आया है। युवक को बदमाश ब्लैक कलर की कैम्पर में डालकर ले गए। घटनास्थल से 35 किलोमीटर दूर छोड़कर फरार हो गए। युवक अपने दो दोस्तों के साथ आया था। घटना रविवार रात को जैन चौक में हुई।

थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी ने बताया कि सुरपुरा निवासी धीरज सारस्वत अपने दो दोस्तों के साथ जैन चौक में रील शूट करने आया था। जैसे ही वे रील बनाना शुरू किए, एक काले कांच वाली कैम्पर गाड़ी वहां रूकी। गाड़ी में बैठे लोगों ने आधा कांच नीचे करके धीरज से बात की। धीरज जब गाड़ी के पास गया तो कैम्पर में सवार अज्ञात युवकों ने उसे अंदर खींचने की कोशिश की। धीरज ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पांचों युवक कैम्पर से उतरे और उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया।

एसएचओ ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही नोखा पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं आसपास के थानों में सूचना देकर नाकाबंदी की गई। इस दौरान किडनैपर्स युवक धीरज को 35 किलोमीटर दूर ढिंगसरी के पास छोड़कर फरार हो गए। पुलिस युवक से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। फिलहाल किडनैप के कारण स्पष्ट नहीं हो पाये हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और इनपुट के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऐतिहासिक अभिलेखों का अवलोकन किया

■ महाराणा प्रताप कालीन ताम्रपत्र देखकर इनके संरक्षण कार्य की सराहना की

बीकानेर, (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि राजस्थान राज्य अभिलेखागार के अभिलेखागार संग्रहालय में संरक्षित दस्तावेज हमारे इतिहास, संस्कृति और परम्पराओं के जीवंत प्रमाण हैं। यह हमें हमारे स्वर्णिम इतिहास से साक्षात करवाते हैं। राज्यपाल ने सोमवार को अभिलेखागार के संग्रहालय के अवलोकन के दौरान यह उद्गार व्यक्त किए।

राज्यपाल ने यहां संरक्षित पुरंदर की संधि का अवलोकन किया और कहा कि पुरंदर की संधि के माध्यम से शिवाजी महाराज और राजपूताना के संबंधों की जानकारी मिलती है। उन्होंने महाराणा प्रताप दीर्घा, स्वतंत्रता सेनानी गैलेरी के अलावा ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया। राज्यपाल ने संग्रहालय में राजस्थान के ऐतिहासिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े विभिन्न अभिलेखीय दस्तावेजों का अवलोकन किया। शाही फरमान, महाराणा प्रताप कालीन ताम्रपत्र देखकर इनके संरक्षण कार्य की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह सभी दस्तावेज आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे युवाओं में इतिहास और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढेगी। राज्यपाल ने कहा कि शोध के दृष्टिकोण से भी यह दस्तावेत महतवपूर्ण है। इने डिजिटाइजेशन से इनकी पहुंच बढ़ेगी तथा संरक्षण भी होगा। उन्होंने संरक्षण कार्य के लिए अन्य देशों और प्रदेशों के अभिलेखागार संस्थानों से समन्वय करने की बात कही।

मंदबुद्धि आश्रम में चोरी

नोखा, (कासं)। नोखा से हिंयादेसर रोड स्थित नवज्योति आश्रम में एक पूर्व ड्राइवर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आश्रम संचालिका शारदा जाट ने नोखा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

आरोपी कृष्ण कुमार जाट श्रीगंगानगर का रहने वाला है। वह 7-8 महीने पहले तक आश्रम में ड्राइवर था। तीन-चार दिन पहले वह आश्रम में आया और रूकने की अनुमति मांगी। संचालिका ने पूर्व कर्मचारी होने के नाते उसे रूकने दिया। घटना के दिन संचालिका और वर्तमान ड्राइवर राकेश बिश्नोई सुरपुरा झाडेली गांव गए थे। संचालिका का बेटा स्कूल में था। शाम को जब हरीश स्कूल से लौटा तो कृष्ण कुमार ने उसे नशीला पदार्थ मिला खाना खिलाया। बच्चा गहरी नींद में सो गया। रात को जब संचालिका और ड्राइवर आश्रम लौटे तो गेट बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने और हॉर्न बजाने के बाद हरीश नींद से उठकर गेट खोलने आया। कृष्ण कुमार ने आलमारी का लॉक तोड़कर बच्चों के अनुदान की राशि 6.30 लाख रूपए, सोने-चांदी के आभूषण, पेन ड्राइव, आश्रम के जरूरी कागजात गायब थे।

गिरदावरी एप से करें फसलों की गिरदावरी

■ फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में पंजीकरण करवा अधिकाधिक लाभ उठाएं किसान

श्रीगंगानगर, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित एग्री स्टेक योजनातर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान 5 फरवरी से 30 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों के माध्यम से आयोजन किया जा रहा है।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री शिविर प्रत्येक ग्राम पंचायत पर तीन दिवस के लिए आयोजित करने के दिशा-निर्देश उपखंड स्तर से जारी किए गए हैं। इस योजना के तहत आयोजित शिविरों में ग्राम स्तर के कृषि पर्यवेक्षक, पटवारी तथा ग्राम विकास अधिकारी को कैम्पों में भाग लेने के लिए निर्देशित किया गया है। उपखंड स्तर पर शिविरों के मॉनिटरिंग का उत्तरदायित्व सहायक निदेशक कृषि, विकास अधिकारी एवं तहसीलदार को दिया गया है। उन्होंने बताया कि किसान इन शिविरों में अपनी फसलों का गिरदावरी एप के माध्यम से अधिक से अधिक गिरदावरी करवाना सुनिश्चित करें। चकबंदी वाले जिलों में लोकेशन डिसेबल्ड किए जाने के कारण डिजिटल क्रॉप सर्वे की गिरदावरी संबंधित पटवारी द्वारा की जायेगी। जबकि खसरा वाले बगैर चकबंदी वाले गांवों में जिनमें खसरा है, किसान भाई स्वयं कृषि पर्यवेक्षक की मदद से अपनी फसल की गिरदावरी राज किसान गिरदावरी एप के माध्यम से करेंगे।

उन्होंने बताया कि साथ ही किसान अपने खेत की मृदा जांच उपरांत मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं इस रबी सीजन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जारी बीमा पॉलिसीयों को संबंधित कृषि पर्यवेक्षक से फार्म रजिस्ट्री कैम्प में पहुंचकर प्राप्त करें। विभागीय योजनाओं की ऑनलाइन एप्लीकेशन के तहत सुविधाओं का फायदा उठाने के लिये किसान राज किसान सुविधा एप डाउनलोड अवश्य करें। उन्होंने बताया कि कृषकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें।

सहमति-पत्र

मनके मनीष कामरा पुत्र स्व.चुन्नी सिंह कामरा उम्र45वर्ष जाति कामरा निवासी 3-ध-5 हाऊसिंग बोर्ड पवनपुरी बीकानेर का हूं। जो कि निम्न तथ्य शपथ पूर्वक हलफन बयान करता हूं कि :-1.यह कि मुझ मुकिर के नाम से एल आई सी में पोलिसयां करवा रखी है जिसमें मुझ मुकिर का नाम भूलवंश मनीष सिंह कामरा लिखा गया है, जबकि मुझ मुकिर का वास्तव मैं नाम मनीष कामरा है।2. यह कि मुझ मुकिर के आधार कार्ड में एवं मेरे पेन नम्बर में मुझ मुकिर का नाम मनीष कामरा ही लिखा हुआ है। 3.यह कि मुझ मुकिर का नाम मनीष कामरा ही है इसे ही लिखा पढा माना व समझा जावे। यदि कोई तथ्य इसके विपरीत निकलेगा तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मुझ मुकिर की होगी।उपरोक्त शपथ पत्र के पेरा संख्या 1 से 3तक तमाम तथ्य मैंने अपनी निजी जानकारी के अनुसार सही सही हलफन बयान किये है। इसमें कोई भी तथ्य छिपाया या घटाया बढाया नहीं है। ईश्वर मेरी मदद करे।

मनीष कामरा
शपथ ग्रहिता

राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) कॉर्पोरेट कार्यालय, 04, मीत मार्ग, उदयपुर- 313001(राज.), फोन नम्बर: (0294)2428763-67, 2428744, 2428738, फैक्स: (0294)2428770,2428769 E-mail: project.rsmml@rajasthan.gov.in

निविदा आमंत्रित करने की सूचना दिनांक :- 24/02/2025

निविदा संख्या एवं दिनांक	कार्य का विवरण
निविदा संख्या: RSMM/CO/PROJ/2024-25/493 दिनांक 21.02.2025 UBN No. MML2425WSOB00214	आरएसएमएमएल की जैसलमेर, गोटन, नागौर, जालोर, गंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर, उदयपुर स्थित खदानों एवं जैसलमेर स्थित विंड फार्मों पर उपलब्ध भूमि पर सोलर प्लांट लगाने की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु कन्सल्टेंसी सर्विस प्रदान करवाना। धरोहर राशि (रू. में) बोली सुरक्षा के एवज रूपये 12.00 हजार, निविदा दस्तावेज और प्रसंस्करण शुल्क की लागत रू. 590/- डीडी नेफ्ट/आरटीजीएस द्वारा आर.एस.एम.एम.एल., उदयपुर के पक्ष में देय, निविदा डाउनलोड करने की तिथि 21.02.2025 से 17.03.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक। निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18.03.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक।

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com, www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in अथवा समूह महाप्रबन्धक (परियोजना) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।
हस्ता.संकर/सी/24/12174 उप महाप्रबन्धक (प्रशासन)

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24.2.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 03 के किला नं. 21 में माप 30 इन्टू 65 फीट भूखण्ड संख्या बी-16, चैताली एन्कलेव, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 2852 दिनांक 16.07.2004 को कुमारी वन्दना शर्मा पुत्री श्री शंकर लाल शर्मा के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त जारी पटटे का श्री नितेश मिढढा पुत्र श्री रणवीर मिढढा निवासी सी-07, चैताली एन्कलेव, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड में से माप 25 इन्टू 30 फीट को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.06.2023 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छ्रया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 13749448 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3460 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 7.2.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री बलदेव सिंह निवासी 245, सुरजीत सिंह कॉलोनी, गली नं. 9, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 04 किला नं. 12, 19 में माप 15 इंटू 50 फीट भू.सं. 245, सुरजीत सिंह कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 1869 दिनांक 18.9.2002 को श्री सेवा सिंह पुत्र श्री सुंदर सिंह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 10.9.2024 को क्रय कर उक्त भूखंड के नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री बलदेव सिंह निवासी 245, सुरजीत सिंह कॉलोनी, गली नं. 9, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/1316 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने
मार्केट
के
रिटर्न को
एलआईसी
इंडेक्स
प्लस
UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873
ऑनलाइन भी उपलब्ध
मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ
एक नॉन - पार, लिंक्ड़, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या निफ्टी 100 (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
गारंटीड एडीशन्स के साथ*
* नियम व शर्तें लागू
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/22/Hin
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, प